Assignment Hindi  class VI

पाठ - 3 (शब्द-विचार)  व्याकरण

प्र० उ० लिखो :- (in copy)

(क) शब्द किसे कहते हैं ?

उत्तर :- ऐसा वर्ण-समूह जिसका निश्चित अर्थ होता है, उसे शब्द कहते हैं।

(ख) शब्द और पद में क्या अंतर है ?

उत्तर :- ऐसा वर्ण-समूह जिसका एक निश्चित अर्थ होता है शब्द कहलाते हैं जबकि यही शब्द व्याकरण के नियमों में बँधकर वाक्य में प्रयुक्त होकर उचित अर्थ देने लगे तो ये पद कहलाते हैं।

(ग) यौगिक और योगरूढ़ शब्द में क्या अंतर है ?

उत्तर :- दो या अधिक शब्दों से मिलकर बनने वाले शब्दों को यौगिक शब्द कहते हैं। इनके टुकड़े करने पर प्रत्येक खंड के अर्थ होते हैं। जबकि ऐसे शब्द यौगिक तो होते हैं किन्तु जिनका प्रयोग किसी विशेष अर्थ में किया जाता है, योगरूढ़ शब्द कहलाते हैं।

(घ) विकारी तथा अविकारी शब्द में क्या अंतर है ?

उत्तर :- ऐसे शब्द जिनका रूप बदल जाता है, विकारी शब्द कहलाते हैं। विकारी शब्द संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया होते हैं। जबकि जिन शब्दों का रूप बदलता नहीं है वे अविकारी शब्द कहलाते हैं। अविकारी शब्द क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चबोधक, विस्मयादिबोधक होते हैं।

(ङ) पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं ?

उत्तर :- जिन शब्दों के अर्थ समान होते हैं, पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

(च) विलोम शब्द किसे कहते हैं ?

उत्तर :- जो शब्द एक दूसरे के विपरीत अर्थ प्रकट करते हैं, उन्हें विलोम शब्द कहते हैं।

---

निम्न तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए :- (in Book)

धरणी = धरती, रात्रि = रात, स्वर = सुर, मनुष्य = मानुस

शिक्षा = ______, ओष्ठ = होठ

पूर्व = पूरब, उज्ज्वल = उजला

---

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए। (in Book)

(क) रचना के आधार पर 'हिमालय' है — उत्तर = योगरूढ़ शब्द

(ख) अर्थ के आधार पर शब्द के भेद हैं — उत्तर = दो भेद

(ग) 'घृत' का तद्भव रूप है — उत्तर = घी

(घ) 'बीमार' शब्द है — उत्तर = फ़ारसी शब्द

(ङ) विकारी शब्द है — उत्तर = क्रिया

---

दिए गए शब्दों के तीन तीन पर्यायवाची लिखो :- in Book

माता = माँ जननी अंबा

पिता = बाप तात जनक

पुत्र = बेटा सुत आत्मज

(घ) पुत्री = बेटी सुता आत्मजा

(ङ.) भाई = सहोदर भ्राता बंधु

---

सही विकल्प लिखो :- in Book

(क) 'शंकर' का पर्यायवाची नहीं है — (उ०) रघुपति

(ख) 'लक्ष्मी' का पर्यायवाची है — (उ०) रमा

(ग) 'अग्नि' का पर्यायवाची है = (उ०) पावक

(घ) 'भँवरा' का पर्यायवाची है = (उ०) अलि

(ङ.) 'भूख' का पर्यायवाची है = (उ०) क्षुधा

निम्न शब्दों के विलोम लिखो :- in Book

चढ़ना = उतरना | मोटी = पतली | हमारी = तुम्हारी
गीली = सूखी | पकड़ा = छोड़ा | सीधा = उल्टा
खुला = बन्द | उठाया = बिठाया

रेखांकित शब्दों के विलोम खाली स्थान में लिखा :- (in Book)

(क) सपना मोटी है और नयना पतली है।
(ख) उमेश का बस्ता मैला है परंतु यश का साफ़ है।
(ग) निर्दोष को छोड़ो और अपराधी को पकड़ो।
(घ) दोनों भाइयों ने झगड़ा छोड़कर सुलह करली।
(ङ) पहाड़ी पर ध्यान से चढ़ना और उतरना चाहिए।

खाली स्थान में उचित शब्द भरो :- (in Book)

(क) हमें अपने गुरुजी को प्रणाम करना चाहिए।
(ख) विक्रमादित्य भारत के महान सम्राट थे।
(ग) आपके विवाह में सम्मिलित न होने का मुझे दुःख है
(घ) रामचरित्र मानस एक ग्रंथ है।
(ङ) दुर्योधन को अपने बल पर बहुत घमंड था।
(च) जीवों की हत्या करना पाप है।
(छ) राजा दशरथ के चार पुत्र थे।
(ज) ताजमहल एक अमूल्य निधि है।
(झ) राम ने अपनी पत्नी को घर से निकाल दिया।

शब्द युग्म द्वारा खाली स्थान भरो - (in Book)

(क) राम पढ़-लिख कर अच्छे पद पर है।
(ख) मदारी अपना खेल-तमाशा दिखाकर चलता बना।
(ग) घर आए मेहमान का ठीक से स्वागत-सत्कार करना चाहिए।
(घ) माता-पिता को चाहिए कि बच्चों पर ध्यान दें।
(ङ) राम के घर पर आज खूब चहल-पहल है।

निम्न शब्दों के युग्म बना कर लिखो - in Book

चुप - चाप | मार - वार | मिठाई - बिठाई | झूठ - मूठ
यश - वश | अफरा - तफ़री | जान - माल |
उन्नति - अवनति | अदला - बदला | दान - वान |

दिए गए शब्दों के दो-दो अर्थ लिखो - in Book

पृष्ठ = पीछे, पन्ना।
सूत = धागा, सारथी
दक्षिण = एक दिशा, दाया
धन = अर्थ, मतलब
हरि = विष्णु, सूर्य

in Book

वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखो :-

(1) जिसकी कोई सीमा न हो।= असीम
(2) जो वर्ष में होता है।= वार्षिक
(3) जिसके खंड नहीं होते।= अखंड
(4) जिसमें जल न हो। = निर्जल
(5) जो पुरुष कविता लिखता हो।- कवि
(6) जो ईश्वर में विश्वास न रखता हो = नास्तिक

निम्न शब्दों के वाक्यांश लिखिए।

प्रकाशक = जो पुस्तक-पत्रिका छापता है।
दुर्लभ = जिसका मिलना कठिन हो।
दर्शनीय = जो देखने योग्य हो।
शताब्दी = सौ वर्षों की अवधि।
सांसद = जो संसद का सदस्य हो।
अतिथि = जिसके आने की कोई तिथि न हो।
सर्वप्रिय = जो सबका प्रिय हो।
मासिक = जो महीने में एक बार हो।
धनी = जिसके पास बहुत सारा धन हो।
चिकित्सक = जो चिकित्सा करता हो।